# सर्वाधिक ईवी का संचालन यूपी में : योगी

## अशोक लेलैंड के ईवी विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन पर मुख्यमंत्री ने गिनवाईं सरकार की उपलब्धियां

अमर उजाला ब्यूरो



अशोक लेलैंड प्लांट का उद्घाटन करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, सीएम योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी व अन्य। -अमर उजाला

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश आज देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के संचालन, निवेश और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बन चुका है। उन्होंने बताया कि देश के सबसे अधिक शहरों में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए इलेक्ट्रिक वाहन और मेट्रो का संचालन यूपी में हो रहा है। साथ ही देश के कुल एक्सप्रेसवे का लगभग 55 प्रतिशत हिस्सा यूपी के पास है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को अशोक लेलैंड कंपनी के इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यूपी के सभी 75 जनपदों में निवेश हो रहा है। देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क यूपी में है और देश में बन रहे दो डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर यूपी से होकर गुजर रहे हैं। इसके अलावा देश की पहली रैपिड रेल और वाटर वे का संचालन भी यूपी में शुरू हो चुका है। सीएम ने कहा कि 2017 से पहले यूपी उपद्रव और पहचान के संकट से जूझ रहा था, लेकिन आज यह उत्सव और अवसरों का प्रदेश बन गया है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन-2047 का उल्लेख करते हुए कहा कि यह ईवी प्लांट 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पिछले 8-9 वर्षों में यूपी को 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इनमें से 15 लाख करोड़ रुपये के प्रस्तावों का भूमि पूजन हो चुका है।

कार्यक्रम में अशोक लेलैंड के चेयरमैन धीरज हिंदुजा, एमडी-सीईओ शेनू अग्रवाल थे। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, विधायक राजेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

### विकसित भारत का रास्ता विकसित उत्तर प्रदेश से होकर जाता है : राजनाथ

लखनऊ। अशोक लेलैंड की ईवी निर्माण की नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के उद्घाटन अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह इकाई प्रदेश के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने का मार्ग विकसित उत्तर प्रदेश से होकर जाता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि यह यूनिट 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान का सकारात्मक परिणाम है। उत्तर प्रदेश, जिसे कभी बीमारू राज्य कहा जाता था, आज औद्योगिक निवेश का बड़ा केंद्र बन रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की सुदृढ़ कानून-व्यवस्था और निवेश के अनुकूल माहौल ने फॉर्च्यून-500 कंपनियों को आकर्षित किया है। ब्यूरो

### रिकॉर्ड समय में तैयार हुआ संयंत्र : धीरज हिंदुजा

समूह के चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने कहा कि प्रदेश सरकार के सहयोग से रिकॉर्ड समय में इस संयंत्र को तैयार किया जाना संभव हुआ। यह संयंत्र भविष्य को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि औद्योगिक विकास और निवेश के लिए प्रदेश में एक सुदृढ़ और भरोसेमंद तंत्र तैयार किया गया है।

### विधायक राजेश्वर सिंह ने सीएम का जताया आभार



सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा इलेक्ट्रिक बस फैक्टरी की स्थापना उप्र के औद्योगिक इतिहास में एक निर्णायक क्षण है।